वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 2 नवंबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

दैनिक जागरण

आउटडोर स्टेडियम एकलव्य और इंडोर में भी खिलाड़ियों को मिलेंगी उच्चस्तरीय सुविधाएं

- खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी राहत बाहर जाने की मजबूरी होगी खत्म
- क्रिकेट, हाकी व एथलेटिक्स के लिए मिलेंगे जरूरी संसाधन

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): पूर्वांचल की खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण व अभ्यास के लिए अब दूसरे राज्यों या बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम व मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा संकुल (इंडोर स्टेडियम) में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यापक पहल की जा रही है।

मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा संकुल पहले से ही वातानुकूलित व्यवस्था और इंडोर खेलों के आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है। अब इसी तर्ज पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से एकलव्य स्टेडियम में भी आधुनिक खेल सुविधाओं का विस्तार जल्द शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर को शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट खेल केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने पहल की है। उन्होंने हाल ही में खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव से मुलाकात कर स्टेडियम के ढांचागत विकास और सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की।



पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित एकलव्य स्टेडियम● जागरण

योजना के तहत आउटडोर स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबाल, हाकी, एथलेटिक्स व वालीबाल समेत अन्य खेलों के लिए आधुनिक उपकरण, मानक ट्रैक और बेहतर अभ्यास व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही खिलाड़ियों की फिटनेस और कौशल को निखारने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की तैनाती पर जोर रहेगा। इसका सीधा लाभ विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को मिलेगा। वर्तमान में बेहतर स्पोर्ट्स ट्रेनिंग के लिए पूर्वांचल के खिलाड़ियों को लखनऊ, दिल्ली,मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की अकादमियों पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मानक की सुविधाएं और कोच उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को इस भारी-भरकम आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलेगी। इससे न केवल उनका समय और पैसा बचेगा, बल्कि वे पूरे मनोयोग से नियमित अभ्यास पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

दैनिक जागरण

www.jagran.com

पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष हाकी प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय चैंपियन

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हाकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हाकी प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

बीएचयू में आयोजित इस स्पर्धा में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट तालमेल और आक्रामक रणनीति की बदौलत खिताब अपने नाम किया। ऐतिहासिक जीत दर्ज कर परिसर लौटने पर टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आरके सिंह को विजेता ट्राफी सौंपी। कुलपति प्रो. सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन, अनुशासन और सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस सफलता से पूरे विश्वविद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के अपने पहले मुकाबले में पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने रांची विश्वविद्यालय को, दूसरे मैच में संबलपुर विश्वविद्यालय (भुवनेश्वर) ने कड़ी टक्कर दी।



पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हाकी प्रतियोगिता में विजेता ट्राफी के साथ पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम● स्रोत - विश्वविद्यालय

इसके बाद टीम ने अपने आक्रामक रुख को बरकरार रखते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी को हराया। वहीं, निर्णायक मुकाबले में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने मेजबान बीएचयू की टीम को 6-2 से पराजित कर पूर्वी क्षेत्र का विजेता बनने का श्रेय हासिल किया। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, अशोक सिंह, विजय प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वतंत्र एकता जागरण

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता



स्वतंत्र एकता जागरण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में शानदार सफलता के बाद कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अमर उजाला

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके पूर्वांचल विवि के शोधार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थी मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी बरेली में 30-31 अक्तूबर 2026 को आयोजित 13 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।

पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में पूविवि की टीम जीती

संवाद न्यूज एजेंसी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी की ओर से 27 से 31 अक्तूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कुलपति प्रो. आरके सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।

संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा

इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया।

संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

इस दौरान सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान



पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीतने के बाद कुलपति को भेंट की ट्रॉफी।

पूर्वांचल विवि की विजेता टीम को किया सम्मानित

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब जीता। प्रतियोगिता में शानदार सफलता के बाद रविवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी भेंट की।

■ अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में लहराया परचम

कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके पीयू के शोधार्थी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी के छात्र मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 30-31 अक्टूबर को आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं।

आज का परिणाम

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके विश्वविद्यालय के शोधार्थी

ब्यूरो आज का परिणाम/जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एआई–इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन–अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन–जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।

आज का परिणाम

पूर्वान्चल विश्वविद्यालय हाकी टीम बनी चैंपियन



ब्यूरो आज का परिणाम/ जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।प्रतियोगिता में खिताबी जीत के बाद टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को विजेता ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह सहित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता के दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8–3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4–4 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 3–0 और मेजबान बीएचयू, वाराणसी को 6–2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश



अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके पूर्वांचल विवि के शोधार्थी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 30झ्र31 अक्टूबर 2026 को आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। ह्यएआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजीह्ल विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं।

पीयू ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि हॉकी प्रतियोगिता



ट्राफी के साथ कुलपति व विजेता टीम

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएचयू, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में शानदार सफलता के बाद कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अमर भारती

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता



अमर भारती ब्यूरो

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता में शानदार सफलता

♦ कुलपति को खिलाड़ियों ने भेंट की ट्राफी

के बाद कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
कौटिल्य का भारत

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में शानदार सफलता के बाद कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

तरुण मित्र

विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम बनी चैंपियन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में खिताबी जीत के बाद टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को विजेता ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह सहित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 3-0 और मेजबान बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जौनपुर धारा
Web: www.Jaunpurdhara.com

संक्षिप्त समाचार

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम बनी पूर्वी क्षेत्र की चैंपियन

जौनपुर धारा, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

खिताबी सफर में पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से हराया, जबकि संबलपुर विश्वविद्यालय के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को 3-0 और बीएचयू को 6-2 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में सफलता के बाद टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आरके सिंह को विजेता ट्रॉफी भेंट की। कुलपति ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह और टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव और डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता

◆ **कुलपति को खिलाड़ियों ने भेंट की ट्राफी**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।



प्रतियोगिता में शानदार सफलता के बाद: कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधार्थी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 30-31 अक्टूबर 2026 को आयोजित 13वें



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। 'एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।

पहल टुडे

गाजियाबाद ,सोमवार 02 नवंबर 2026


राष्ट्रीय एकता दिवस पर पीयू में पोस्टर प्रतियोगिता

अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकीकरण का दिया संदेश

पहल टुडे,हिमांशु मौर्या

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, परिसर इकाई की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के एस.पी. गुप्ता मेमोरियल विधि पुस्तकालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकीकरण रही।





प्रतियोगिता में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सातवें सेमेस्टर के छात्र अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व, देशी रियासतों के एकीकरण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रभावशाली चित्रण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य प्रथम

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में होगा राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन

पहल टुडे

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की शृंखला में स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रकृति विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी फोटोग्राफी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य ने प्रथम, रजनीश कुमार गौतम ने द्वितीय और आकृति राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार 31 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह करेंगे। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक, लखनऊ के चेयरमैन जितेंद्र बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण, अखंड भारत के संकल्प और राष्ट्रीय एकता में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार व्यक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई जाएगी। विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

समारोह में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

पहल टुडे

गाजियाबाद ,सोमवार 02 नवंबर 2026


राष्ट्रीय एकता दिवस पर पीयू में पोस्टर प्रतियोगिता

अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकीकरण का दिया संदेश

पहल टुडे,हिमांशु मौर्या

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, परिसर इकाई की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के एस.पी. गुप्ता मेमोरियल विधि पुस्तकालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकीकरण रही।





प्रतियोगिता में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सातवें सेमेस्टर के छात्र अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व, देशी रियासतों के एकीकरण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रभावशाली चित्रण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य प्रथम

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में होगा राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन

पहल टुडे

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की शृंखला में स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रकृति विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी फोटोग्राफी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवानन्द मौर्य ने प्रथम, रजनीश कुमार गौतम ने द्वितीय और आकृति राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार 31 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह करेंगे। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक, लखनऊ के चेयरमैन जितेंद्र बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण, अखंड भारत के संकल्प और राष्ट्रीय एकता में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार व्यक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ भी दिलाई जाएगी। विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

समारोह में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

पहल टुडे

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधार्थी

पहल टुडे



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 30-31 अक्टूबर 2026 को आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।

उम्मीद आफ पब्लिक

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता

कुलपति को खिलाड़ियों ने भेंट की ट्राफी



उम्मीद ऑफ पब्लिक ब्यूरो

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 से बराबरी पर रहा। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी को 3-0 तथा बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लोकभारती

न्यूजफ्लैश

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके विश्वविद्यालय के शोधार्थी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।

दैनिक मान्यवर

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके विश्वविद्यालय के शोधार्थी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजीह्ल विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्कृति का परिचायक है।

अमर विचारधारा

पूर्वान्चल विष्वविद्यालय हॉकी टीम बनी चैंपियन



जौनपुर (अमर विचार धारा)। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।प्रतियोगिता में खिताबी जीत के बाद टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को विजेता ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह सहित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता के दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 3-0 और मेजबान बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।